बरेली, सोमवार
9 फरवरी, 2026

नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

# दैनिक जागरण

PAGE NO : IV BOTTOM

# दीक्षा समारोह में सम्मान पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

- एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में 305 विद्यार्थियों को दीं उपाधियां
- खेलों में सर्वश्रेष्ठ रहने पर सीईटी देवेश गंगवार, सीईटीआर के सौरभ सिंह को मिला विशेष पुरस्कार

जागरण संवाददाता, बरेली: एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में ट्रस्ट के प्रेरणास्रोत श्रीराम मूर्ति के 116वीं जन्म तिथि पर 25वां दीक्षा समारोह आयोजित हुआ। इसमें बीटेक, बीफार्मा, एम फार्मा, एमटेक, एमबीए, एमसीए (कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी बरेली, कालेज आफ इंजीनियरिंग टेक्नोलाजी एंड रिसर्च बरेली), एमबीए (आइबीएस, उन्नाव), बीए एलएलबी (ला कालेज, बरेली) पाठ्यक्रमों में सत्र 2024-2025 में उत्तीर्ण 305 छात्र छात्राओं को उपाधियां, प्रशस्ति पत्र और पदक वितरित किए गए।

श्रीराम मूर्ति शतिक सभागार में अध्यक्षता कर रहे एकेटीयू के कुलपति प्रो. जय प्रकाश पांडेय ने कहा कि सकारात्मक व्यवहार के साथ प्रतिबद्ध होकर कोई व्यक्ति यदि अपनी सारी ऊर्जा को किसी लक्ष्य के लिए समर्पित कर दे तो वह किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। मुख्य अतिथि एनटीए चेयरमैन डा. प्रदीप कुमार जोशी ने एआइ टेक्नोलाजी और उसके महत्व और चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि स्पेस एप्लीकेशन सेंटर इसरो की साइंटिस्ट जी पूजा श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन के महत्व को बताया। वह एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज के वर्ष 1996 में बीटेक पहले बैच की छात्रा रहीं। इससे पूर्व ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी देव मूर्ति, सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, गुरु नारायण मेहरोत्रा, सीईटी के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता ने स्वतंत्रता सेनानी श्रीराम मूर्ति की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। डा. अनुज कुमार ने आभार व्यक्त किया। संचालन रुचि शाह ने किया। सीईटीआर के डीन डा. शैलेश सक्सेना और आइबीएस के डीन डा. तरुण सिंह गंगवार, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, प्रोफेसर श्यामल गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित रहे।




श्री राम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में आयोजित दीक्षा समारोह प्रमाण पत्र देते चेयरमैन देवमूर्ति व अन्य ● सौ. आयोजक

## पुरस्कार ने आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

कार्यक्रम में सीईटी और सीईटीआर में बीटेक (2021-2025 बैच) में सर्वाधिक अंक हासिल करने के लिए हर्ष सक्सेना और उत्कर्ष जायसवाल को 'श्रीराम मूर्ति गोल्ड मेडल' के साथ 51,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। सीईटी की पूजा काराकोटी, निजारिश उमर, राज कुशवाहा और अमूल्य शर्मा ने अपने कोर्स में सर्वाधिक अंक हासिल करने पर गोल्ड मेडल संग 21000 रुपये नकद प्राप्त किए। खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए सीईटी के देवेश गंगवार और सीईटीआर के सौरभ सिंह को ट्रॉफी के साथ 'विशेष पुरस्कार' दिया गया।